तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 31 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 9 जून 2026

दिगाना बनेगा पेयजल आपूर्ति में रोल मॉडल 8



आपसी सहयोग और तालमेल से सफल बनाएं.. 8



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमले में तीन घायल, सात नामजद

**जींद।** गांव छात्तर में रंजिशन हमला कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी चतरपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही सुरजन परिवार से रंजिश चली आ रही है। वह अपने घर से कार्यवश बस अड्डा पर जा रहा था। उसी दौरान सुरजन परिवार ने उसे गली में घेर लिया और हमला कर दिया।

### हत्या के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने रंजिश के चलते हत्या के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि धमतान साहिब पुलिस चौकी में सूचना मिली थी कि गांव ढाबी टेक सिंह निवासी विकास को झगड़े में चोट से नागरिक अस्पताल नरवाना से रेफर कर मेडिकल कॉलेज अग्रोहा ले जाया गया है। सूचना पर पुलिस अग्रोहा पहुंची तो वहां घायल के पिता सुदेश ने बताया कि उसका लड़का विकास को उसके साथी कमल के साथ बाइक पर गांव ढाबी टेकसिंह आ रहा था।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** अलेवा पुलिस ने मंडप से सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20,600 रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना अलेवा के प्रभारी आत्माराम ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव पेगां निवासी प्रेमदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव में दादा खेड़ा के मंडप से चोरों द्वारा चांदी के आठ मुकुट, आठ सिक्के चोरी कर लिए थे।

### दो युवतियां संदिग्ध हालात में लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओमनगर से नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 27 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। उधर, विकास नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने युवतियों को तलाश भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### धरोदी की शालू हाईकोर्ट में सहायक के पद चुनी

**नरवाना।** नरवाना क्षेत्र में स्थित भारत सीनीयर सेकेंडरी स्कूल की होनहार छात्रा शालू का पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सहायक के पद पर चयन होने पर विधालय प्रबंधन समिति ने इस कामयाबी पर विधालय परिवार की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि इस होनहार बेटी ने उसके माता-पिता और पुरे क्षेत्र का नाम रोशन करने का काम किया। शालू की यह सफलता अन्य विधार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी।

### 517 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** 517 ग्राम अफीम बरामदगी मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव उटेल जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान निवासी भेरूलाल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 जून को एंटी नारकोटिक सेल के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर आश्रम पबनावा के पास नाकाबंदी कर गाड़ी में सवार आए गांव फरल निवासी बिजेंद्र सिंह को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 517 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

# हाटलाइन से जुड़े होने के बावजूद लग रहे कट, जनरेटर भी नहीं करते समय पर काम

## नागरिक अस्पताल में बिजली की बढ़ रही किल्लतः आपरेशन थिएटर व इमरजेंसी में नुकसान की ज्यादा संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हर दिन लग रहे बिजली के कट मरीजों व तिमारदारों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। हालांकि अस्पताल की बिजली स्पलाई हॉट लाइन से जुड़ी है लेकिन आए दिन फॉल्ट आने के चलते अस्पताल की बिजली गुल हो रही है। सोमवार को भी सुबह के समय ओपीडी टाइम में अस्पताल की बिजली गुल हो गई। जिसके चलते पंखें व अन्य उपकरण बंद हो गए और ओपीडी स्लिप व दवा के लिए लाइनों में लगे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नागरिक अस्पताल होट लाइन से जुडा है। तकनीकी फॉल्ट आने के चलते अस्पताल में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। जिससे मरीजों की जान पर खतरा मंडराने लगता है। कई बार तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि इमरजेंसी में चिकित्सकों को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का उपचार करना पड़ा है। बार-बार बिजली गुल होने से न केवल इलाज प्रभावित होता है बल्कि मरीजों और परिजनों में भय का माहौल भी बना रहता है। क्योंकि अंधेरे में इलाज करना किसी भी तरह से सुरक्षित नहीं माना जा सकता। अस्पताल में वैसे तो नई व पुरानी बिल्डिंग में अलग-अलग जनरेटर सेट रखे गए हैं लेकिन यह ऑटो ऑन नही होते। बिजली जाने पर जनरेटर ऑन करने में ही 15 से 20 मिनट का समय लग जाता है। जनरेटर सेट ठीक करवाने के लिए विभाग ने डेढ़ लाख रुपये के बजट की जरूरत बताई है। वहीं दूसरे जनरेटर सेट की बात करें तो इसकी रीले नहीं मिल रही हैं। जब भी अस्पताल में लाइट जाती है तो इन जनरेटर सेटों को आटोमेटिक स्टार्ट होना चाहिए लेकिन रीले खराब होने से इस जनरेटर सेट को मैनुअली स्टार्ट करना पड़ता है। इसके बावजूद भी यह सही तरीके से काम नहीं करता है। यदि अस्पताल में लाइट चली जाए और दस मिनट तक नहीं आए तो भी परेशानी होती है। सोमवार को अस्पताल में ओपीडी 1800 से अधिक रहती है और छुट्टी से अगले दिन यह संख्या दो हजार पार हो जाती है। सोमवार को जब अस्पताल में बिजली गुल हुई तो आपरेशन थिएटर व इमरजेंसी में परेशानी खड़ी गई। आप्रेशन थिएटर स्टाफ द्वारा तुरंत प्रभाव से मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। परेशानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई बार इमरजेंसी में किसी मरीज को उपचार दिया जा रहा हो और बिजली चली जाए तो दस मिनट ही भारी हो जाते हैं। इसके अलावा आपरेशन थिएटर में वैसे तो यूपीएस हैं लेकिन ज्यादा देर तक बिजली नहीं आए तो यहां पर मरीज की जान पर बन सकती है।





**जींद।** नागरिक अस्पताल में सुबह के समय लाइट जाने से परेशान मरीज व तिमारदार। *फोटो :हरिभूमि*

### स्थायी समाधान के लिए निगम को लिखेंगे पत्र

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बिजली निगम को पत्र लिखा जाएगा। जिसमें यहां अस्पताल में ही एक हाई वोल्टेज लाइन के लिए जम्पर लगवाने के लिए अनुरोध किया जाएगा ताकि अगर बिजली जाती भी है तो जम्पर से लाइन चेंज कर बिजली की सप्लाई को सुचारू किया जा सके। इसके अलावा जनरेटर सेट की तकनीकि खामियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मुख्यालय से बजट की डिमांड की हुई है।

## तीन दिन बाद मिलेगी राहत, आंधी और बूंदाबांदी के बनेंगे आसार

# पश्चिमी हवाओं ने बढ़ाई तपिश सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा

### जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले लोग

**43 डिग्री पर पहुंचा तापमान, गर्मी से जनजीवन बेहाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सूर्य देवता ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़ कर 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री बढ़ कर 31 डिग्री रहा। मौसम में आद्रता 18 प्रतिशत व हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दिन चढ़ने के साथ गर्मी और अधिक झुलसाने लगी है। इस दौरान लोगों ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया।

पश्चिमी दिशा से चल रही गर्म हवाओं के कारण लू का असर भी साफ दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर अपेक्षाकृत कम आवाजाही देखने को मिली। जबकि लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। गर्मी के बढ़ते प्रकोप का असर बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों पर सबसे अधिक पड़ रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान भी सुबह और शाम के समय ही काम करने को मजबूर हैं। पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण में नमी कम होने से गर्मी और अधिक महसूस की जा रही है। दोपहर के समय चलने वाली लू लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।



**जींद।** शहर में लगाई गई मीठे पानी की छबील। *फोटो :हरिभूमि*

### तीन दिन के बाद बदलेगा मौसम

हालांकि भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राहत की उम्मीद जताई है। अगले तीन दिनों के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी चलने और हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना बन रही है। यदि मौसम प्रणाली सक्रिय रहती है तो तापमान में करीब आठ से दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल अगले कुछ दिनों तक गर्मी के तीखे तेवर झेलने पड़ेंगेए जिसके बाद कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम में बदलाव होने पर लोगों को भीषण गर्मी और लू से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। फसलों के लिए यह मौसम परिवर्तन फायदेमंद साबित हो सकता है।

## भीषण गर्मी से थमा जनजीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के थपेड़ों ने सीवन क्षेत्र में जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। पिछले कई दिनों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिसके चलते दोपहर के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई है। स्थिति यह है कि सुबह 11 बजे के बाद गर्म हवाएं चलनी शुरू हो जाती हैं, जो शाम करीब 6 बजे तक जारी रहती हैं। तेज धूप और झुलसाने वाली गर्मी के कारण लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मुख्य बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है, जबकि शाम को तापमान में कुछ कमी आने के बाद ही लोगों की चहल-पहल बढ़ती है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि गर्मी का सीधा असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। दोपहर के समय ग्राहक न के बराबर पहुंच रहे है।

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। वहीं शीतल पेय, नींबू पानी और अन्य ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई है। अगले दो से तीन दिन तक गर्मी और लू का असर बना रह सकता है।

### गर्मी से ग्राहक घटे

भीषण गर्मी के कारण लोगों ने अपनी दिनचर्या में बदलाव कर लिया है। सुबह जल्दी उठकर कार्य निपटाने और शाम ढलने के बाद घरों से बाहर निकलने का सिलसिला बढ़ गया है। दोपहर के समय ग्राहक कम आने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कई बाजारों में शाम के समय ही सामान्य चहल-पहल दिखाई दे रही है। गर्मी का असर केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की दिनचर्या भी बदल गई है। सुबह और शाम के समय ही अधिकांश लोग अपने जरूरी कार्य निपटा रहे हैं।



उचाना नंदीशाला मेन गेट जहां पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है।

# नंदीशाला में अब नहीं रहेगी पानी की कमी

### विधायक देवेंद्र ने निभाया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर की नंदीशाला में गोवंश को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के प्रयासों से जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरानी आधा इंच पाइप लाइन के स्थान पर एक इंच की नई पाइप लाइन बिछा दी गई है, जिससे अब नहरी पानी पर्याप्त मात्रा में नंदीशाला तक पहुंच सकेगा। नंदीशाला प्रबंधन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष विधायक के दौरे के दौरान गायों के लिए पेयजल की समस्या प्रमुखता से उठाई गई थी। उस समय समिति ने बताया था कि आधा इंच की पाइप लाइन से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता, जबकि नंदीशाला में बड़ी संख्या में गोवंश है। साथ ही क्षेत्र का भूजल उपयोग योग्य नहीं होने से नंदीशाला पूरी तरह जन स्वास्थ्य विभाग की जलापूर्ति पर निर्भर है। नंदीशाला के प्रधान श्याम सुंदर, देवीलाल, अशोक बंसल, रमेश मंगला और देवी प्रसन्न ने विधायक का आभार जताते कहा कि उन्होंने किया वादा निभाया है। नई पाइप लाइन बिछने से अब गर्मी के मौसम में गायों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### धन्यवाद व्यक्त किया

जन स्वास्थ्य विभाग के जेई विनय ने बताया कि नंदीशाला में पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से एक इंच की पाइप लाइन बिछाई गई है, जिससे गोवंश के लिए पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी। नंदीशाला प्रबंधन समिति और गोभक्तों ने इस कार्य के लिए विधायक तथा जन स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया है। जन स्वास्थ्य विभाग जेई विनय ने कहा कि पीने के पानी की पाइप लाइन नंदीशाला में जो उनकी मांग थी वो बिछा दी गई है।

### वाह रे वाह व्यवस्था....



**पाई।** पानी में बनाई जा रही मैनहॉल की दीवार। *फोटो :हरिभूमि*

### भाणा में पानी में बनाई जा रही मैनहॉल की दीवार

**पाई।** पाई के निकटवर्ती गांव भाणा में एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसमें गंदे पानी के निकासी के लिए बनाए जाने वाले मैनहोल की दीवार खड़े पानी में बनाई जा रही थी, जिस पर ग्रामीणों ने एतराज उठाते कार्य को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया की भावना के मुख्य मार्ग के पास खड़े गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेन तक पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जिसके लिए बीच-बीच में मेन होल भी बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की मेन होल की दीवार बनाते समय बिना किसी मसाले के सीधे तौर पर केवल ईंटें रखकर दीवार बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया और देखते ही देखते दीवार बना डाली। जिस पर ग्रामीणों ने एतराज जताया और कार्य रोक दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे सरकार को भारी चूना लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यह पानी की निकासी का इंतजाम हलका विधायक सतपाल जांबा के कहने पर शुरू हुआ था। अब विधायक को देखना चाहिए कि क्या यह सही है कि बिना सीमेंट, रेत, बजरी के एकत्र पानी में ही मेन होल की दीवार बन सकती है। उधर ग्रामीणों ने काम रोक कर जब सरपंच को बुलाना चाहा तो पता चला कि वह भी गांव से बाहर टूर पर गया हुआ है। ग्रामीणों ने जहां इस कार्य को रुकवा दिया है, वहीं हलका विधायक से ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने की मांग की है।

### 12 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी



**उचाना।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने उचाना खंड के झील, घसो कलां गांव में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पानी की बर्बादी करने वालों, अवैध कनेक्शन धारकों और बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। 30 अवैध कनेक्शनों को काटा गया। 12 उपभोक्ताओं को कानूनी नोटिस जारी किए गए। खंड के विभिन्न गांव में चल रहे अभियान में एसडीओ सुनीता, जेई विनय, जेई गोविंद गोयल, जेई सुनील, कुशल बीआरसी शामिल रहे। एसडीओ ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि वो जल को बचाने में सहयोग दे। क्षेत्र में कई स्थानों पर असुरक्षित और अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही हैं। इनसे पाइपलाइनों में दूषित पानी मिलने का खतरा बना रहता है, जो बीमारियों को न्योता देता है। निरंतर ये अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य हर घर को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध कराना है। अब तक इस अभियान के तहत 55 अवैध कनेक्शन काटे जा चुके है तो 87 को कानूनी नोटिस किए जा चुके है।

### हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार



**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी गांव गामावाला जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी गुरमेल सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 जून को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना गुहला क्षेत्र से आरोपी वार्ड नं 6 चीका निवासी अजय, सीन्टू व सतीश उर्फ बम्बु को डेरा भाग सिंह से खुशहाल माजरा वाले रास्ते पर नाकाबंदी करके गाड़ी में 100.05 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके आगामी जांच एएसआई जसबीर सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आगामी जांच दौरान खुलासा हुआ कि अजय, सीन्टू व सतीश उर्फ बम्बु को यह हैरोईन आरोपी गुरमेल सिंह उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी के कब्जे से 10 हजार रुपए ड्रगमनी बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मंदिर में चोरी व तोड़फोड का आरोप

**पूंडरी।** ग्यारह रुद्री मंदिर, पूंडरी के पुजारी संदीप ने पुलिस चौकी पूंडरी में शिकायत देकर मंदिर परिसर में चोरी और तोड़फोड़ की घटनाओं को लेकर कार्रवाई की मांग की है। दर्ज कराई शिकायत में पुजारी ने आरोप लगाया कि 6 जून की रात को व्यक्ति ने मंदिर की चारदीवारी तोड़कर मंदिर परिसर में प्रवेश किया और बाथरूम में लगी टूंटियां चोरी कर लीं। दावा किया कि उक्त व्यक्ति को मंदिर परिसर में देखा, लेकिन उनकी मौजूदगी का आभास होते ही वह मौके से फरार हो गया। शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति पूर्व में भी मंदिर में शीशा तोड़कर नुकसान पहुंचा चुका है तथा मंदिर परिसर में चोरी की वारदातों को अंजाम देता रहा है। पुजारी ने कहा कि इन घटनाओं से मंदिर की संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है और श्रद्धालुओं में भी चिंता का माहौल है। उन्होंने बताया कि मंदिर में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के कारण श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। मंदिर प्रबंधन ने प्रशासन से मंदिर परिसर के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुजारी संदीप कुमार ने कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों का विस्तृत एस्टीमेट मुख्यालय भेजा

# उचाना की पुरानी अनाज मंडी में जल्द वर्षों पुरानी समस्याओं का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना की पुरानी अनाज मंडी में जल्द ही वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होने जा रहा है। मंडी के शेडों पर लगी जर्जर चद्दरों को बदलने, कपास मंडी गेट तथा फायर ब्रिगेड के समीप स्थित मंडी की टूटी हुई सड़कों के पुनर्निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगभग 3 करोड़ का विस्तृत एस्टीमेट मार्केटिंग बोर्ड मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही संबंधित कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उचाना विकास रैली के दौरान मंडी के मरम्मत कार्यों के लिए 3 करोड़ की राशि देने की घोषणा की थी। अब इस राशि की मंजूरी मिलते ही विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार कर मुख्यालय को भेज दी गई है। मंडी में लंबे समय से व्यापारी, किसान और आमजन शेडों की जर्जर चद्दरों को बदलने, दोनों ओर की खराब सड़कों के पुनर्निर्माण तथा टूटे ड्रेनेज मैनहोलों को बदलने की मांग कर रहे थे। बरसों पुरानी चद्दरों से शेडों की स्थिति खराब हो चुकी है, जबकि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढों से आवागमन में परेशानी और हादसों का खतरा बना रहता है।

### मंडी का स्वरूप बदलने की उम्मीद

आढ़ती सुभाष, सतपाल और रामनिवास ने बताया कि यह मांग कई वर्षों से लंबित थी। विभिन्न मंचों पर इसे उठाया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष यह मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाने के बाद अब मंडी को 3 करोड़ रुपये की विशेष मरम्मत राशि मिली है, जिससे मंडी का स्वरूप बदलने की उम्मीद जगी है। मार्केटिंग बोर्ड के एसडीओ रोशन लाल ने बताया कि विशेष मरम्मत राशि स्वीकृत होने के बाद विभिन्न कार्यों का विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। मंजूरी प्राप्त होते ही टेंडर जारी कर विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे

### चेक देकर 22.50 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**कैथल।** थाना चीका पुलिस ने चेक देकर साढे 22 लाख की ठगी करने के आरोप में एक आढती सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरौला के निर्मल सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी जान पहचान पीडल के कृष्ण के साथ थी। कृष्ण चीका अनाज मंडी में मुनीम लगा है। वह कृष्ण के कहने पर फसल बेचता था व पैसों का लेनदेन करता था। उसने बताया कि जगदीश चंद ने कृष्ण से साल 2019 में ब्याज पर चार लाख उधार लिए थे। मामले में आरोपी अनिल रिश्ते में जगदीश का जीजा लगता है और दोनों साथ काम करते हैं। साल 2022 में आरोपी जगदीश अपनी दुकान बंद कर यमुनानगर चला गया था। उसे और कृष्ण ने पूरा हिसाब किताब किया तो उन्होंने आरोपियों से साढ़े 22 लाख रुपये लेने थे।

## खबर संक्षेप

### कलाम बाल आश्रम में किया पौधरोपण

जींद। प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में कलाम बाल आश्रम में पौधारोपण किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार है। यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, पीने के लिए स्वच्छ जल तथा खाने के लिए भोजन प्रदान करता है। पेड़ व पौधे और वन पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखते हैं तथा समय पर वर्षा लाने में सहायक होते हैं। यह लाखों पशु व क्षियों और कीटों का प्राकृतिक आवास भी हैं।

### आर्य गुरूकुल में योग शिविर का समापन

जींद। गांव अहिरका के आर्य गुरुकुल में आयोजित किया जा रहा योग शिविर संपन्न हो गया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा व आर्य वीर दल वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा था। इसमें मुख्यातिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर आर्य व वशिष्ठ अतिथि सभा मंत्री विजयपाल आर्य की अध्यक्षता में गुरूकुल कुरूक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग पहुंचे।

### सुरेंद्र सिंह प्रधान और अश्वनी बने सचिव

जींद। सफीदों उप केंद्र के मंदिर प्रांगण में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच यूनियन की बैठक हुई। बैठक का संचालन राज्य कमेटी के पदाधिकारी विक्रम खान व फूल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की। सर्वसम्मति से डिपो कमेटी का विस्तार किया । सभी कर्मचारियों ने सुरेंद्र सिंह बुड्ढाखेड़ा को प्रधान, सचिव अश्वनी कुमार, सह सचिव मुकेश, उप प्रधान मुकेश, वरिष्ठ उप प्रधान जयवीर सिंह, खजांची संदीप बागड़, सह खजांची राजेंद्र, प्रेस प्रवक्ता राजेश, सह प्रेस प्रवक्ता कुलदीप, प्रेस सचिव वीरेंद्र, कुलदीप, ऑडिटर नीरज, सह ऑडिटर राजेश, संगठन सचिव श्रीभगवान चुना गया।

### लोक कल्याण मेले में 50 लोगों ने लिया भाग

जींद। जिला नगर आयुक्त अनिल दून ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर जिला में 30 जून तक नगर परिषद पालिकाओं में लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नगर परिषद नरवाना में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। जिला नगर आयुक्त अनिल दून ने बताया कि सभी रेहड़ी, फड़ी वाले नप, पालिका जींद, नरवाना, सफीदों, उचाना व जुलाना में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के अन्तर्गत 15 हजार, 25 हजार व 50 हजार का सिक्योरिटी फ्री ऋण का आवेदन करें व 7% ब्याज सब्सिडी की छूट का फायदा उठाए।

### सीआरएसू यूनिवर्सिटी का तुगलकी फरमान

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि ने सत्र 2026-27 के एडमिशन में एक नया तानशाही फरमान जारी कर दिया है। प्रोस्पेक्टस में विश्वविद्यालय ने लिखा हुआ है कि कोई भी छात्र विश्वविद्यालय में दो से अधिक डिग्रियां नहीं कर पाएगा। ऐसा विश्वविद्यालय ने किस आधार पर यह तानाशाही नियम बनाया उनका इसके पास कोई स्पष्टीकरण नही है। इसे लेकर एबीवीपी ने रोष जताया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि इस बारे में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो विशाल से बात की तो वो कोई स्पष्ट जवाब नही दे सके।

### सत्संग भवन का टूटा ताला आभूषण तथा सामान चोरी

जींद। आर्य उपनगर नरवाना में बीती रात चोरों ने सत्संग भवन का ताला तोड़ कर पांच चांदी के छतर, सोने की नाथ तथा बर्तनों को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला किया है। आर्य उपनगर नरवाना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के सामने सत्संग भवन है। जिसमें महिलाएं सत्संग करती हैं।

---

## प्रबंधन व रखरखाव समझौता ज्ञापन पर पंचायत ने किए हस्ताक्षर

# ढिगाना बनेगा पेयजल आपूर्ति में रोल मॉडल

### गांगोली गांव में 30 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी

**हर नल पर लगेगी टेप, कमेटी करेगी जागरूक**



जींद। एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद सौंपते ग्राम पंचायत सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति के संचालन, प्रबंधन व रखरखाव की नई नीति 2026 को क्रियान्वयन करके ढिगाना गांव को रोल माडल बनाने की तैयारी ग्राम पंचायत द्वारा कर दी गई है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा विशेष बैठक आयोजित कर नई पॉलिसी के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके इसे जल्द से जल्द लागू करवाने की तरफ कदम बढा दिए हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा अप्रैल 2026 से पेयजल आपूर्ति के लिए नई पॉलिसी शुरू की है, इस पॉलिसी में सिंगल विलेज स्कीम के तहत जिन गांव की पेयजल आपूर्ति एक ही गांव में की जा रही है। वहां इस पॉलिसी का फायदा ग्राम पंचायत उठा सकती है। इसके लिए जिला की सभी 300 ग्राम पंचायत के सरपंच व पंचायत सचिव को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ग्राम पंचायत ढिगाना के सरपंच विनोद कुमार द्वारा इस प्रशिक्षण के बाद पेयजल आपूर्ति की नई पॉलिसी को अपना कर पेयजल आपूर्ति के रखरखाव व प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के हाथों में देने का निश्चिय किया है। इसको लेकर उन्होने गांव में विशेष ग्राम सभा आयोजित करवाई व विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में सुचित किया ताकि सभी ग्रामीणों को नई पॉलिसी के बारे में बताया जा सके। विभाग द्वारा ग्रामीणें को जागरू करने के बाद ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के अनुरोध पर ग्राम पंचायत ने इस पॉलिसी में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। सरपंच विनोद कुमार ने बताया कि विभाग की इस योजना से गांव में पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा। गांव की कमेटी द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों से हर नल पर टेप लगाने का अनुरोध किया जाएगा। नई पॉलिसी के तहत स्वयं सहायता समूह की महिला की जिम्मेदारी लगाई जाएगी की वह हर घर तक पानी पहुंचने, टेप लगे होने, लीकेज फ्री गली व अस्वच्छ कनैक्शन रहित सभी नल होने चाहिए। हर घर में साफ और स्वच्छ पानी पहुंचने लगेगा तो वे पेयजल बिल एकत्रित के लिए अभियान शुरू करेगें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा खंड समन्वयक सुरेंद्र की अगुवाई में गांव गांगोली में विशेष जल संरक्षण अभियान चला अवैध, अस्वच्छ व बिना टेप वाले 30 पेयजल उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए।

---

### दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है निरामया हेल्थ इंश्योरेंस योजना : खान

जींद। जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित निरामया हेल्थ इंश्योरेंस योजना विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों एवं व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों के पास यूडीआईडी कार्ड है तथा उनकी दिव्यांगता बौद्धिक अक्षमता, ऑटिज्म, सैरेब्रल पाल्सी अथवा बहुविध दिव्यांगता श्रेणी में आती है। उन्हें इस योजना के तहत पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण नेशनल ट्रस्ट के पोर्टल दनेशनलट्रस्टडॉटइन पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निरामया योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को एक लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। योजना में अस्पताल में भर्ती होने, घर पर चिकित्सा देखभाल, सर्जरी, ऑपरेशन के बाद उपचार, ओपीडी सेवाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच, थेरेपी, दंत चिकित्सा, परिवहन व्यय तथा वैकल्पिक चिकित्सा जैसी अनेक सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बीपीएल परिवारों तथा 15 हजार प्रतिमाह तक आय वाले एपीएल परिवारों के लिए नामांकन शुल्क मात्र 250 रुपये तथा 15 हजार रुपये से अधिक मासिक आय वाले परिवारों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

---



जींद। अप्रेंटिसशिप मेले में साक्षात्कार लेते हुए कंपनी के अधिकारी।

# जींदः 492 में से 402 अभ्यार्थियों का चयन

- रा. आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला मेगा रोजगार एवं शिक्षुता मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला मेगा रोजगार एवं शिक्षुता मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिले और आसपास के क्षेत्रों से युवाओं ने मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने किया। आईटीआई जींद के वर्ग अनुदेशक मंगल सिंह ने सभी अतिथियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों का स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कहा कि आज का युग कौशल का है और जो युवा तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर लेते हैं, वे रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप सक्षम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। उन्होंने आईटीआई जींद परिसर में फैली स्वच्छता और हरियाली की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस दौरान उन्होंने कैम्पस में आम का पौधा रोपित कर हरियाली अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वर्ग अनुदेशक मगंल सिंह ने कहा कि आईटीआई संस्थान सबसे कम समय में युवाओं को रोजगार योग्य बनाते हैं। यहां विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित छात्र व छात्राएं न केवल कंपनियों में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं बल्कि स्वयं भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। छात्रों को सकारात्मक सोच और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाने की प्रेरणा दी और उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वर्ग अनुदेशक मंगल सिंह ने बताया कि मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 14 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया में कुल 492 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जिनमें से 402 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

---

# गांव ईगराह की रीता ने पानी लीकेज से मकान को नुकसान की रखी समस्या

- समाधान शिविर बन रहा जनसुनवाई का प्रभावी मंच : प्रदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से समाधान के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों के निपटारे में पूरी गंभीरता बरती जाए तथा सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनकल्याणकारी सोच का सशक्त माध्यम हैं जो प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ते हैं। शिविर में राजस्व, विकास, बिजली, अवैध कब्जा, सामाजिक कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिन पर शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में पहुंची गांव ईगराह निवासी रीता ने अपने घर के सामने पानी की लीकेज और मकान को हुए नुकसान के संबंध में सहायता की मांग रखी। गांव मनोहरपुर निवासी ओमप्रकाश ने अवैध कब्जा हटवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। गांव हरनामपुरा की विमला ने एसबी 89 योजना के अंतर्गत अनुदान राशि मिलने में हो रही देरी की शिकायत की। रोहतक रोड निवासी मांगे राम ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन दिया। जबकि गांव खरक रामजी के सिकंदर ने फैमिली आईडी में आय संबंधी संशोधन के लिए अपनी समस्या प्रशासन के समक्ष रखी।

---

# कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाएः निर्मल

- मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रक्त का सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

उप स्वास्थ्य केंद्र रिटोली के अधीन गांव बनियाखेड़ा, खरकगादिया में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। बुखार से पीड़ित मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई गई व जांच के लिए लैब भेजा गया। एमपीएचडब्ल्यू निर्मल ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाए। क्योंकि मच्छर पानी में ही पनपते हैं। ग्रामवासियों को समझाया कि घरों के आसपास रखे कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकियां आदि को नियमित रूप से साफ करें और ढक कर रखें। सप्ताह में कम से कम एक दिन ड्राई डे के रूप में मना कर सभी पानी के बर्तनों को खाली कर सुखाने की सलाह दी गई। इसके साथ ही पूरी बाजू के कपड़े पहनने, मच्छरदानी का प्रयोग करने तथा घरों में मच्छर भगाने वाले साधनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, उल्टी या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवानी चाहिए। समय पर उपचार से इन बीमारियों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने और स्वच्छ वातावरण रखने का भी संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे ताकि लोग सतर्क रहें और मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षित रह सकें।

---




जींद। बीबीपुर में निकाली योग जागरण यात्रा में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### बीबीपुर से योग जागरण यात्रा का शुभारंभ

जींद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा, खेल विभाग हरियाणा एवं शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आज योग जागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह योग जागरण यात्रा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, जिला योग कॉर्डिनेटर डा. योगेश, जिला योग विशेषज्ञ गोबिंदा तथा एएमओ बीबीपुर डा. रमणीक सांगवान के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रारंभ की गई। इस अभियान का संचालन आयुष योग सहायक संगीत कुमार व्यायामशाला बराड़ खेड़ा द्वारा किया गया। आज योग जागरण यात्रा व्यामशाला बराड़ खेड़ा, गांव बुआना और बीबीपुर में निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। यह योग जागरण यात्रा 8, 9 एवं 10 जून को संचालित की जा रही है तथा आगामी दिनों में हरियाणा के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर योग का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी।

---

# कैंप में 132 लोगों के लिए खून के सैंपल

- हर्बल पार्क में आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कैंप में जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन द्वारा हर्बल पार्क में विशाल मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। इसमें लगभग 132 व्यक्तियों ने मेडिकल कैंप में पहुंच कर खाली पेट रक्त के सैंपल दिए। सभी सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिए गए। कैंप की मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल के नर्सिंग आफिसर मनीषा बरसाना ने इसे मानव सेवा के लिए एक बेहतरीन कार्य बताते हुए कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। क्लब की ओर से नर्सिंग ऑफिसर को पटका पहनाते हुए और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रकल्प निदेशक प्रवीण गौतम, क्लब के सदस्य प्रवीण सैनी, रोहित जिंदल, नितिन गोयल, आयुष बंसलए आशा गौतमए आशीष सिंगला तथा अन्य सदस्य मौजूद रहे। क्लब के पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया कि कैंप में मुख्य ट्रस्टी अशोक जिंदल एवं उनकी पूरी टीम ने भरपूर सहयोग दिया। प्रमोद गर्ग ने बताया कि जेसीआई एल्यूमनी सोशल कार्यों का अपना यह अभियान लगातार जारी रखेगी।

---



जींद। कलश यात्रा में भाग लेते डा. पुष्पा तायल। *फोटो :हरिभूमि*

### भाजपा जिला महामंत्री ने कलश यात्रा में लिया भाग

जींद। महाराजा अग्रसेन सदा व्रत समिति की तरफ से श्रीमद् भागवत कथा का 8 जून से 14 जून तक आयोजन किया गया है। जिसमें आज श्रीराम मंदिर रानी तालाब से कलश यात्रा प्रारंभ होकर पुरानी कचहरी, थाना शहर पालिका बाजार लाला लाजपतराय कम्पलैक्स होती हुई महाराजा अग्रसैन सदाव्रत भवन पहुंची। पालिका बाजार में प्रधान जयकुमार गोयल की टीम ने कलशयात्रा पर पुष्प वर्षा की व जलपान करवाया। इस कलश यात्रा को भाजपा की जिला महामंत्री पुष्पा तायल ने झंडी दिखाकर रवाना किया कथा प्रवक्ता आचार्य सुभाष भारद्वाज जयंता पूरी वाले अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। नगर पार्षद सीयाराम गोयल, नरेश तायल, जयभगवान गर्ग, राहुल शर्मा, रामरतन सैनी, विनोद मित्तल, मनोज गुप्ता, विनोद गर्ग, सुषमा, सतवंती, कुसुम, उर्मिल जिंदल, दयावंती, सपना गर्ग आदि नगर से सैंकड़ो महिलाएं और पुरुष भक्तों नें कलश यात्रा में शामिल हुए दोपहर बाद तीन बजे श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई और शाम को साढ़े छह बजे दैनिक आरती हुई।

---

## 21 जून को आयोजित किया जाएगा अंतराष्ट्रीय योग दिवस

# आपसी सहयोग और तालमेल से सफल बनाएं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : पुलकित मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक को संबोधित करते एसडीएम पुलकित। *फोटो :हरिभूमि*

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें योग दिवस कार्यक्रम को सभी विभाग आपसी सहयोग, समन्वय और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाएं। कहा कि योग शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है और प्रत्येक विभाग समयबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित योग दिवस की तैयारियों संबंधी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते कहा कि उपमंडल स्तरीय 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नई अनाज मंडी सफीदों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बताया कि योग दिवस के मुख्य आयोजन से पूर्व 11 जून से 13 जून तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की विभागीय रिहर्सल करवाई जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल तथा टोल फ्री सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं तथा 9501131800 पर कॉल करके भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार राजेश गर्ग, आयुष विभाग की एएमओ डा. ईशिका चुघ, बीईओ सुरेश मलिक, एसएमओ, एसडीओ सिंचाई बिजेंद्र सिंह, डा. सुनील, पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई मंजीत, आशीष मेहरा, अशोक कुमार, सतीश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



जींद। बैठक को संबोधित करते पवन रजाना। *फोटो :हरिभूमि*

### पुरानी एक्सग्रेशिया नीति की शर्तें हटाने की मांग

जींद। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन स्थानीय शाखा भवन व मार्ग जींद की बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य कोषाध्यक्ष पवन रजाना द्वारा की गई। मंच का संचालन ब्रांच सचिव हीरामल नरवाल द्वारा किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पवन रजाना ने बताया कि कर्मचारियों की जायज मांगे काफी लंबे समय से लंबित हैं। जैसे पूरानी पैंशन लागु करना, पुरानी एक्सग्रेशिया नीति की सारी शर्तें हटाई जाएं, जनस्वास्थ्य विभाग में ग्रामीण जलघरों को पंचायतों के अधीन नहीं किया जाए, वर्ष 2018 में लगे कर्मचारियों का कॉमन कैडर खत्म कर विभाग में ही पदोन्नत किया जाए। निजीकरण पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। विभाग में ने पद सृजित किए जाएं। कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, जो कर्मचारी कौशल रोजगार निगम प्रोटल पर नहीं चढ़े हैं उन कर्मचारियों को प्रोटल पर चढ़ाया जाए आदी मांगों को लेकर संगठन के पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार आने वाली 11 जून को लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा के आवास हिसार में हजारों की संख्या में कर्मचारी पहुंच कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।



## जींद पुलिस को मिली 10 नई राइडर बाइक्स

**जींद।** जींद पुलिस की कानून व्यवस्था एवं आपातकालीन पुलिस प्रतिक्रिया (ईआरवी) प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस को 10 नई राइडर मोटरसाइकिलें उपलब्ध करवाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन जींद से इन 10 नई मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित इकाइयों के लिए रवाना किया। इन नई 10 राइडर मोटरसाइकिलों में से दो थाना शहर जींद, दो थाना सिविल लाइन जींद, दो थाना शहर नरवाना, दो थाना शहर सफीदों, एएक थाना जुलाना तथा एक चौकी मंडी उचाना को दी गई हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि नई राइडर मोटरसाइकिलों के माध्यम से पुलिस की व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा किसी भी सूचना पर जंहा पर ईआरवी द्वारा देरी से पहुंचा जाता है वहां पर इन मोटरसाइकिल राइडर तुरंत पहुचेंगें। जो डायल 112 कि भांति काम करेंगें। पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार आएगा। इससे अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था के संचालन तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

# हरियाणा के टॉप-5 बेस्ट ऑफिसरों में कैथल के इंस्पेक्टर सूबे सिंह तीसरे नंबर पर

## पांच महीनों में 5 बड़ी रेड, भ्रष्टाचार के नेटवर्क पर लगातार वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्टेट विजिलेंस (एंटी करप्शन ब्यूरो) के चीफ अरशिंदर सिंह चावला ने गत दिनों प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश के सबसे धाकड़ अधिकारियों की सूची जारी की है। इस सूची में कैथल विजिलेंस इंचार्ज इंस्पेक्टर सूबे सिंह सैनी ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस की बदौलत पूरे हरियाणा में तीसरा स्थान हासिल किया है। विजिलेंस चीफ ने इंस्पेक्टर सूबे सिंह सहित अपने बेस्ट ऑफिसरों के लिए मेडल, प्रशंसा पत्र और नकद इनाम (कैश अवार्ड) देने का बड़ा ऐलान किया है। इंस्पेक्टर सूबे सिंह सैनी ने इस वर्ष महज 5 महीनों के भीतर एक के बाद एक 5 ताबड़तोड़ रेड करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। उनकी पांचवीं और हालिया बड़ी कार्रवाई 3 जून को हुई, जिसमें एक बैंक लोन कर्मी को 60 हजार रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथों दबोचा गया।

### रिश्वत मांगने वालों की खैर नहीं : सूबे



कैथल विजिलेंस इंचार्ज इंस्पेक्टर सूबे सिंह सैनी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में लोग आगे आएं। अगर कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी काम के एवज में पैसों की मांग करता है, तो तुरंत विजिलेंस को सूचना दें। आरोपी को रंगे हाथों पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

### ये है इस साल कैथल विजिलेंस की 5 बड़ी स्ट्राइक

- **20 फरवरी 2026 (पब्लिक हेल्थ विभाग):** पब्लिक हेल्थ कैथल में बड़ी कार्रवाई करते हुए उप-अधीक्षक कमलकांत को 20 हजार रुपए और ऑपरेटर अशोक कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।
- **26 फरवरी 2026 (सहकारिता विभाग):** भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को जारी रखते हुए सहायक रजिस्ट्रार ऋषि कुमार को 30 हजार रुपए की घूस लेते हुए सलाखों के पीछे पहुंचाया।
- **27 अप्रैल 2026 (सबसे बड़ी रेड - गुहला):** बलबेहड़ा निवासी शिकायतकर्ता संदीप के मकानों को न गिराने की एवज में 5 लाख रुपए की मोटी रकम ऐंठने वाले गुहला के बीडीपीओ जगजीत सिंह को दबोचकर हड़कंप मचा दिया
- **08 मई 2026 (शिक्षा बोर्ड के नाम पर ठगी):** शिकायतकर्ता रामचंद्र देशवाल की पुत्रवधु की माता का नाम डीएमसी. में ठीक करवाने की एवज में भिवानी बोर्ड के अफसरों के नाम पर घूस मांगी जा रही थी। गीता निकेतन स्कूल बढ़सीकरी के संचालक श्रीओम हुड्डा को 50 हजार रुपए लेते हुए काबू किया।
- **03 जून 2026 (लोन सेटलमेंट का खेल):** कलायत के रमन कुमार के पिता का बैंक लोन सेटल करने के नाम पर एचडीएफसी. लोन एजेंट मुकेश रानी 60 हजार रुपए की मांग कर रही थी। इंस्पेक्टर सूबे सिंह की टीम ने जाल बिछाकर महिला एजेंट को 60 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों अरेस्ट किया।

## खबर संक्षेप



### उचाना कलां में बनेगा भव्य खाटू श्याम मंदिर

**उचाना।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में लगभग 5100 गज भूमि पर भव्य खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग इस धार्मिक परियोजना से जुड़ रहे हैं। उचाना कलां में श्याम भगतों द्वारा चंदा भी एकत्रित मंदिर निर्माण को लेकर किया। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार खाटू श्याम मंदिर को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा।

### शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर का शहीदी दिवस आज

**नरवाना।** मंगलवार को शहीदों के महान शहीद बाबा बंदा सिख बहादुर का शहीदी दिवस मनाया जाएगा और 10 बजे पंजाबी चौक, सड़क पर मीठे जल की छबील लगाई जाएगी। तिलक सचदेवा ने बताया कि ठीक 10 बजे ग्रंथी बलिहार सिंह अरदास करेगे उस के उपरांत जल एवं मीठा पानी एवं दूध के द्वारा निर्मित मीठे जल सभी आते जाते व्यक्तियों में वितरित किया जाएगा।

### युवक से की मारपीट पुलिस ने केस किया दर्ज

**कैथल।** सीवन थाना पुलिस ने एक युवक के साथ मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस संबंध में ककहेडी के अमित कुमार ने सीवन थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि 31 मई को शाम को करीब 7:00 बजे जब वह खेत में जा रहा था तो गांव के ही चेतन, बिंदु, गोलू, भानु, मानव, लवी तथा नितिन ने कुछ अन्य युवकों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की ।

### इंदिरा गांधी स्कूल में दुर्गा वाहिनी का शिविर आज से

**कैथल।** कैथल की इंदिरा गांधी स्कूल में विश्व हिंदू परिषद की लड़कियों की युवा इकाई दुर्गा वाहिनी का एक सात दिवसीय शिविर 9 से 16 जून तक कैथल में आयोजित होने जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रभान मित्तल ने बताया कि हर वर्ष परिषद के द्वारा बहन बेटियों को आत्मरक्षा की के गुर सीखाने के लिए देश के हर प्रांत में ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है।

## एक जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा बन सकेंगे मतदाता

# वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण अभियान 15 जून से घर-घर दस्तक देगीं टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद की पहली महिला उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि आगामी 15 जून से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत होने जा रही है। यह पुनरीक्षण अभियान कोई नई प्रक्रिया नही है बल्कि चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर कराई जाने वाली एक नियमित और संवैधानिक कवायद है। जींद में इससे पहले वर्ष 2002-2005 के दौरान ऐसा गहन अभियान चलाया गया था। पिछले दो दशकों में कई मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। लाखों लोग रोजगार या अन्य कारणों से एक शहर से दूसरे शहर स्थानांतरित हो चुके हैं। इस बदलाव के कारण मतदाता सूची में कई प्रकार की विसंगतियां आ जाती हैं। ऐसे में यह अभियान बहुत कारगर साबित होगा। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा सोमवार को जींद में पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने जिले में आगामी 15 जून से शुरू होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के रोड मैप की जानकारी दी और अफवाहों से दूर रहने की बात कही। डा. वैशाली शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिहीनख सटीक और अद्यतित बनाना है ताकि किसी भी मृत व्यक्ति का नाम सूची में न रहे, न ही किसी मतदाता का नाम दो अलग-अलग स्थानों पर दर्ज हो। उन्होंने बताया कि इस महाअभियान को जमीनी स्तर पर पारदर्शी बनाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों को पांच जून से 14 जून 2026 तक विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर सत्यापन का मुख्य चरण चलेगा। मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बीएलओ एक घर का तीन बार दौरा करेगा। उन्होंने बताया कि नए युवा मतदाताओं को इस अभियान से जोडऩे के लिए चुनाव आयोग ने एक जुलाई 2026 को पात्रता तिथि निर्धारित किया है। इसका अर्थ है कि जिस भी युवा की आयु एक जुलाई 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा की जिन नागरिकों का नाम अभी तक किसी भी मतदाता सूची में नहीं है वे फॉर्म 6 भरकर अपने सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी डा. वैशाली।

## कैंटीन में दुकानदार का सूची के अतिरिक्त सामान बेचने जाने का आरोप

### स्वयं सहायता समूह महिलाओं ने डीसी को दी शिकायत



**जींद।** कैंटीन में दुकानदार द्वारा सूची के अतिरिक्त सामान बेचने जाने की शिकायत को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सोमवार को डीसी कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने रोडवेज महाप्रबंधक पर गंभीर आरोप भी लगाए। डीसी को दी शिकायत में स्वयं सहायता समूह के तहत संजीवनी महिला क्लस्टर फेडेशन की सदस्य पूनम व संतोष ने कहा कि उन्होंने नए बस स्टैंड पर दो दुकान किराये पर ली हुई है। 18 मई को बस स्टैंड पर कैंटीन की बोली को लेकर रोडवेज की ओर से पत्र जारी किया गया था। उसने बोली में भाग लिया था। 18 मई को होने वाली बोली को रद्द कर दिया गया था। इसके बाद 21 मई को रोडवेज महाप्रबंधक की देखरेख में दोबारा से बोली हुई। जिसमें उसने भी भाग लिया। वहां पर एक बोलीदाता ने कैंटीन किराये पर लेने के लिए फार्म भरा हुआ था। एक लाख 62 हजार से बोली शुरू हुई थी। महिला ने भी एक लाख 88 हजार पर बोली लगाई। वहीं दूसरे बोलीदाता ने एक लाख 90 हजार रुपये पर कैंटीन की बोली छुड़वा ली। इस पर महाप्रबंधक ने बोलीदाता को मौखिक रूप से कहा था कि सूची के अलावा दूसरे खाने-पीने की चीजों के बेचने की अनुमति नही है। जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि वह नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं। अगर स्वयंसहायता समूह की महिलाओं की ओर से कोई शिकायत की गई है तो वे उसका जवाब दे देंगे।

## न्यूज डायरी

### पेयजल आंदोलन को सर्वजातीय बिनैन खाप का समर्थन, समाधान की मांग

**नरवाना।** हांसी क्षेत्र के गांव चैनत में पेयजल समस्या को लेकर चल रहे धरने को मंगलवार को सर्वजातीय बिनैन खाप का समर्थन मिला। खाप के प्रतिनिधिमंडल ने धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मांगों का समर्थन किया और जल्द समाधान की मांग उठाई। इस अवसर पर सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुवीर नैन ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रशासन को गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द स्थायी समाधान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो खाप ग्रामीणों के आंदोलन को और मजबूत समर्थन देगी।



### विधायक देवेंद्र अत्री ने कैंसर पीड़ित की मदद को बढ़ाया हाथ, 200 जरूरतमंदों का बने सहारा

**उचाना।** उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए दुर्जनपुर गांव के कैंसर पीड़ित जयभगवान की आर्थिक सहायता की है। विधायक द्वारा की गई इस मदद से परिवार को उपचार और अन्य आवश्यक खर्चों में राहत मिलेगी। अतुल अत्री दुर्जनपुर ने बताया कि जयभगवान का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। कुछ समय पहले विधायक के गांव दौरे के दौरान जयभगवान ने अपनी बीमारी और आर्थिक तंगी से अवगत कराते हुए सहायता की मांग की थी। विधायक के निजी सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि विधायक देवेंद्र अत्री अब तक 200 से अधिक जरूरतमंद लोगों की विभिन्न प्रकार से सहायता कर चुके हैं।



### किठाना में साध्वी तपस्या गिरी जी ने शुरू की 25 दिवसीय पंच धूनी तपस्या

**राजौंद।** गांव किठाना के शिव मंदिर में तपस्या गिरी द्वारा 25 दिन की पंच धूनी तपस्या शुरू की गई है। यह तपस्या प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से लेकर 2:30 बजे तक तपती गर्मी में की जा रही है। साध्वी पांच धूनों के बीच बैठकर विश्व की सुख-शांति के लिए कठोर तप कर रही हैं। मंदिर के पुजारी देवेंद्र शास्त्नेत्री ने बताया कि साध्वी मूल रूप से गांव किठाना की निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में हरिद्वार के श्री पंच दशनामी जूना अखाड़ा में रह रही हैं। उन्होंने बताया कि साध्वी ने विश्व शांति की कामना को लेकर गांव के शिव मंदिर में यह विशेष तपस्या 31मई से शुरू की है जो 24 जून तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 11, 11 उपले प्रतीदिन धूने में बढ़ा दिए जाते हैं।



### जींद पुलिस लाइन मालखाने का आईजी ने किया औचक निरीक्षण

**जींद ।** पुलिस महानिरीक्षक हिसार रेंज हिसार कुलदीप सिंह यादव द्वारा पुलिस लाइन जींद स्थित मालखाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मादक पदार्थों का वजन तोल कर विस्तृत रूप से जांच की और समस्त अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आईजीपी महोदय ने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही पुलिस कार्यप्रणाली की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मालखाना प्रबंधन की सख्त निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्ड में शत प्रतिशत शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार, प्रबंधक लाइन अफसर निरीक्षक नफेसिंह, जिला मालखाना प्रबंधक उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह, सीडीआई, टीएसआई, एमटीओ तथा अनेक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## फरियाबाद गांव की गली में जलभराव से लोग बेहाल



राजौंद। फरियाबाद गांव की गली में लंबे समय से भरा गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड के गांव फरियाबाद में गली में गंदा पानी भरे रहने की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गली में हर समय गंदा पानी जमा रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों और गली में रहने वाले लोगों को निकलने के लिए भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस समस्या के बारे में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गली में भरे गंदे पानी के कारण बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गली की सफाई करवाई जाए, पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान किया जाए और गली का निर्माण कार्य भी कराया जाए।

## मजदूरों ने फूंका श्रम मंत्री का पुतला

### निर्माण कल्याण बोर्ड के पोर्टल को शुरू करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निर्माण कल्याण बोर्ड के पोर्टल को तुरंत शुरू करवाने और रुकी हुई कल्याणकारी स्कीमों की राशि जारी करने की जायज मांगों को लेकर आज गांव झांज कलां में निर्माण मजदूरों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों से नाराज श्रमिकों ने प्रदर्शन करते हुए श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर अपना कड़ा रोष जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जींद जिला सचिव संदीप जाजवान और सह सचिव पवन कुमार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल को जानबूझ कर बंद रखा गया है ताकि मजदूरों को उनके हक से वंचित किया जा सके। सरकार को जगाने और अपनी जायज मांगों को मनवाने के लिए श्रमिकों ने आगे की रणनीति का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में आगामी 19 जून को जींद के लघु सचिवालय पर ब्लॉक स्तरीय मजदूर पंचायत का आयोजन किया जाएगा।



### कांग्रेस की एसआईआर अभियान को लेकर हुई संगठनात्मक बैठक

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना सभागार में कांग्रेस पार्टी की ओर से एसआईआर अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ऋषिपाल, जिला संयोजक धर्मबीर गोयत पहुंचे। संचालन बीएलए-1 जुगमिंद्र कोच ने किया। इसके अलावा बीएलए-2 एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है।



### कुरुक्षेत्र में जुटेंगी उत्तर भारत की खापें: 12 से 14 तक होगा सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर

**उचाना।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद यह आयोजन समाज सुधार, सामाजिक जागरूकता तथा समसामयिक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है। हरियाणा सहित उत्तर भारत की विभिन्न प्रमुख खापों एवं सामाजिक संगठनों के साथ विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज के समक्ष मौजूद चुनौतियों और समस्याओं पर गंभीर चिंतन तथा ठोस निर्णय लेने के लिए सभी खापों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर आमंत्रित किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी नहीं: वरिंदर सिंह

**कैथल।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक कैथल वरिंदर सिंह ने जिले के नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि कैथल की सभी 20 गैस एजेंसियों पर घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस सिलेंडरों की कमी संबंधी अफवाहों पर आमजन बिल्कुल ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि जिले में सुबह 6092 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध थे। इसी दिन 7286 नए सिलेंडर प्राप्त हुए तथा 5349 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। इसके बावजूद दिन के अंत में जिले में 8029 सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध रहा, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 12,560 पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) उपभोक्ता हैं, उन्हें नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।

## जींद को मिली समर स्पेशल ट्रेन की सौगात, छुट्टियों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लिया फैसला

*यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने का प्रयास*

# श्री माता वैष्णो देवी-दादर एक्सप्रेस में जींद से 10 यात्रियों ने किया सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री माता वैष्णो देवी-दादर एक्सप्रेस में जींद से 10 यात्रियों ने सफर किया। यह ट्रेन समय स्पेशल के तौर पर चलाई जा रही है, जो जींद से होकर गुजरेगी। ट्रेन नंबर 04694 श्रीमाता वैष्णो देवी धाम कटरा से सात जून और 14 जून को चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 04693 दादर से चलकर कटरा के लिए नौ और 16 जून को चलेगी। ट्रेन नंबर 04694 श्री माता वैष्णो देवी कटरा धाम से सुबह छह बजकर 40 मिनट से चलकर जम्मूतवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, धुरी, जाखल होते हुए शाम पांच बजकर आठ बजे जींद पहुंचेगी। जो दो मिनट ठहराव के बाद रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, रींगस, फुलेरा, किशनगढ़, अजमेर, भिलवाड़ा, चितौडग़ढ़, रतलाम, सूरत होते हुए रात 10 बजकर 40 मिनट पर दादर पहुंचेगी।



जींद। रेलगाड़ी का इंतजार करते हुए रेल यात्री।

### यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए लिया फैसला

वहीं ट्रेन नंबर 04693 रात 12 बजकर 15 मिनट पर दादर से चल कर ट्रेन इसी रास्ते से वापसी में अगले दिन रात 12 बजकर 38 मिनट पर जींद पहुंचेगी। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन जाखल, धुरी, जालंधर, पठानकोट, जम्मूतवी होते हुए लगभग एक बजे कटरा पहुंचेगी। यह ट्रेन चलने पर यात्रियों को काफी फायदा होगा। गर्मी की छुट्टियों के चलते इस समय लंबे रूट की ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने समर स्पेशल के तौर पर यह ट्रेन चलाई है। इस रूट पर काफी धार्मिक व पर्यटन स्थल हैं, जहां अवकाश में लोग छुट्टियां मनाना पंसद करते हैं। रेलवे स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि श्रीमाता वैष्णो देवी दादर स्पेशल समर ट्रेन का यात्रियों को फायदा हो रहा है। इस ट्रेन वाया जींद से होकर गुजर रही है। ऐसे में जींद के यात्री भी गर्मी की छुट्टियों में पर्यटन स्थलों की ओर जा सकते हैं। रेलवे का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।